लखनऊ-हरदोई मेमू 10 से चलेगी

लखनऊ (ब्यूरो)। लखनऊ और हरदोई के बीच चलने वाली मेमू के संचालन की तारीख तय हो गई है। रेलवे बोर्ड इस मेमू का 10 फरवरी से शुभारंभ करेगा। यह मेमू हफ्ते में छह दिन चलेगी। इसका उद्घाटन रेल राज्यमंत्री अधीर रंजन चौधरी करेंगे। उत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी नीरज शर्मा के अनुसार रेल बजट में घोषित ट्रेन नंबर 64221 शुक्रवार को छोड़कर रोजाना शाम 7:15 बजे लखनऊ से चलेगी जो हरदोई में रात 9:50 पर पहुंचेगी। इसी प्रकार से ट्रेन नंबर 64222 हरदोई से सुबह 8:10 बजे चलकर पूर्वाह्न 10:45 बजे लखनऊ आएगी। रेल राज्यमंत्री 10 फरवरी को हरी झंडी दिखाकर इस मेमू का पूर्वाह्न 11:30 बजे हरदोई रवाना करेंगे।